No. of Questions – 22
No. of Printed Pages - 02

Roll No. (नामांक) - | | | | |

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018–19

कक्षा – 8 (आठवीं)

समय – 2.30 घण्टे **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक – 50 अंक**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**
2. **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**
3. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।**

(खण्ड – अ)

1. "मुझे खेतों में अच्छा लगता है। यहाँ सचमुच जीवन है, शान्ति है, सुख है।" किसने कहा– 01
(अ) किसान ने (ब) छोटे अफसर ने (स) बड़े अफसर ने (द) लेखक ने ( )
2. डॉ. चंद्रा को माइक्रोबायोलॉजी में पी.एच.डी. मिली– 01
(अ) 1976 ई. में (ब) 1977 ई. में (स) 1967 ई. में (द) 1966 ई. में ( )
3. राँध्यो का अर्थ है– 01
(अ) सेकना (ब) पकाना (स) रमना (द) राग अलापना ( )
4. लोकमान्य तिलक को बीमारी थी– 01
(अ) मधुमेह की (ब) हृदय की (स) श्वास की (द) कोई भी नहीं ( )
5. अब्दुल कलाम के जन्म स्थान का संबंध जिस राज्य से है, वह है– 01
(अ) कर्नाटक (ब) केरल (स) उड़ीसा (द) तमिलनाडु ( )
6. अखंड भारत का प्रांत था– 01
(अ) सक्खर (ब) जरवारन (स) काबुल (द) सिंध ( )
7. 'अ' उपसर्ग से बनने वाला शब्द है– 01
(अ) अत्यन्त (ब) अवतार (स) अमूल्य (द) अनुज ( )
8. 'अनाथालय' का सन्धि–विच्छेद होगा– 01
(अ) अनाथ+आलय (ब) अना+थालय (स) अन+आथालय (द) अनाथ+लय ( )

(खण्ड – ब)

9. निम्न में से किन्ही चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 02
जल, वैर, साकार, साध्य, सम्मान, आयात।
10. निम्न में से किन्ही दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 02
भौंरा, जल, पर्वत, बादल।
11. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 02
(अ) लाल–पीला होना।
(ब) कान खड़े होना।
12. क्रिया की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 02
13. किन्ही तीन भारतीय प्रक्षेपास्त्रों के नाम लिखिए। (मिसाइल मैन) 02
14. सेना के अभाव में भी प्रताप को सेनानायक क्यों कहा गया है? (महाराणा प्रताप) 04
15. मालिक काफूर ने बुजुर्ग सैनिक को रिश्वत क्यों दी थी? (जैसलमेर की राजकुमारी) 04
16. सम्राट अशोक ने अपने स्तम्भों पर क्या–क्या अंकन करवाया? (गो–संरक्षण से ग्राम–विकास) 04

(खण्ड – स)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

उसकी कमर में दो तलवारें लटक रही थीं। कमरबंद में पेशकब्ज, पीठ पर तरकस और हाथ में धनुष था। वह चंचल घोड़े की रास को बलपूर्वक खींच रही थी, जो एक क्षण भी स्थिर रहना नहीं चाहता था। रत्नसिंह जिरह बख्तर पहने एक हाथी के फौलादी हौदे पर बैठे आक्रमण के लिए प्रस्थान कर रहे थे।

17. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 02
18. वह घोड़े की रास को क्यों खींच रही थी? 02

कृ.पृ.उ.

www.rajteachers.com

19. रत्नसिंह किस पर आक्रमण के लिए प्रस्थान कर रहा था? 02

20. किसने वीरों जैसी पोशाक पहन रखी थी? 02

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 08

पायो जी मैंने राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरू, किरपा करि अपनायो।
जन्म–जन्म की पूँजी पाई, जग में सभी गँवायो।
खरचैं नहिं, कोई चोर न लेवै, दिन–दिन बढ़त सवायो।
सत की नाव खेवटिया सतगुरू, भवसागर तर आयो।
मीरा के प्रभु गिरिधर नागर, हरख–हरख जस गायो।।

(खण्ड – द)

21. शैक्षिक भ्रमण पर जाने हेतु आपके विद्यालय के प्रधानाध्यापकजी से अनुमति प्राप्त करने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए। 06

अथवा

स्वच्छता बनाये रखने के लिए विद्यार्थियों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

22. निम्नलिखित में से किसी एक प्रसंग पर 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 06

(अ) यदि मैं प्रधानमन्त्री होता (ब) गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी)

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक प्रसंग पर 200 शब्दों में कहानी लिखिए।

(अ) जैसे को तैसा (ब) मेहनत का फल

----

www.rajteachers.com